Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding starting of new railway line from Dehradun-Kotdwar, Ramnagar-Tanakpur; expansion of stations and providing additional coaches in Express Trains.

श्री तीरथ सिंह रावत (गढ़वाल): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं हैदराबाद की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण मानता हूं और उस घटना से अपने को जोड़ता हूं । ऐसे जघन्य अपराधियों पर तत्काल कार्रवाई हो ।

मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री, भारत सरकार का ध्यान अपनी लोक सभा और उत्तराखंड रेल लाइन और व्यवस्था के बारे में आकर्षित करना चाहता हूं । इससे पहले मैं माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीय रेल मंत्री का धन्यवाद करना चाहता हूं जिन्होंने आजादी के बाद पहली बार पहाड़ के अंदर ऋषिकेश से लेकर देवप्रयाग, कीर्तिनगर, गोचर, श्रीनगर, कर्णप्रयाग तक रेल **प**हुंचाने का काम किया है । काम तेजी से बढ़ रहा है । यात्री एवं जनता आने वाले समय में इसमें यात्रा करेंगे ।

देहरादून से कोटद्वार, रामनगर, टनकपुर तक नई रेल लाइन बिछाने का काम किया जाए । कोटद्वार से हावड़ा, देहरादून जाने वाली ट्रेन में दो डिब्बे कोटद्वार से जुड़ते थे, इन जनता ट्रेन में जुड़ते थे । लखनऊ, कोलकाता, गोरखपुर आदि बहुत यात्री जाते थे । ये डिब्बे हटाए गए हैं, इन्हें जोड़ने का काम किया जाए । रामनगर डिवीजन को बरेली के बजाय मुरादाबाद से जोड़ा जाए । वहां के स्टेशन का विस्तारीकरण किया जाए । टनकपुर, अल्मोड़ा और भागेश्वर तक रेल लाइन बिछाने का काम को भी प्रारंभ किया जाए । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष: कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री तीर्थ सिंह रावत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।